# प्रेस नोट थाना झंगहा जनपद गोरखपुर दिनांक 16.08.2026

## चोरी का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का सामान बरामद

चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष झंगहा के नेतृत्व में उ0नि0 अवनीश कुमार खरवार द्वारा पुलिस टीम के साथ  थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 477/2026 धारा 305(A),331(4) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 से संबंधित अभियुक्त अवधेश यादव पुत्र गंगाराम यादव निवासी ग्राम परसा लालशाही थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती के कब्जे से चोरी का सामान बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया।  उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 12/08/2026 को ग्रामसभा भिस्वां मंदिर पर अभियुक्त द्वारा भोजन बनाकर वहां रह रहे पुजारी और अन्य लोगों को भोजन कराया गया। रात्रि में सबके सो जाने पर अभियुक्त द्वारा मंदिर में रखा सामान व नगदी चोरी कर लिया गया। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -**

अवधेश यादव पुत्र गंगाराम यादव निवासी ग्राम परसा लालशाही थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 477/2026 धारा 305(A),331(4) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0. थाना झंगहा जनपद गोरखपुर

**बरामदगी**

01 अदद मोबाइल, 01 अदद घरेलू सिलेन्डर, 01 अदद कलश, 01 अदद गिलास, 02 अदद एटीएम कार्ड व कुछ कपड़े

**गिरफ्तारी की टीम-**

1.उ0नि0 अवनीश कुमार खरवार थाना झंगहा जनपद गोरखपुर
2. हे0का0 अभिषेक कुमार यादव थाना झंगहा जनपद गोरखपुर।
3. का0 अनिल कुमार यादव थाना झंगहा जनपद गोरखपुर।
4. रि0का0 अभिषेक पाण्डेय थाना झंगहा जनपद गोरखपुर